"तिथि विस्तार निविदा सूचना"

नगर निगम रूडकी ने अपने कार्यालय पत्रांक 245/नि0अनु0/न0नि0रूडकी/टेण्डर/2022–23 दिनांक 08.06.2022 के द्वारा 43 निर्माण/विकास कार्यो हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना जारी की गयी थी। परन्तु अपरिहार्य कारणो से 43 निर्माण कार्यो की सूची में 14 निर्माण कार्यो को निरस्त करते हुये शेष 29 निर्माण कार्यो हेतु निविदा आमन्त्रित तिथि विस्तार की जाती है–

कम सं0	कार्यो का सूची कमांक	निविदा जमा करने की तिथि व समय	निविदा खोले जाने की तिथि व समय	निविदा विकय की तिथि एवं दिनांक
1	कम सं0 01 से 29 तक सभी निर्माण कार्यो की निविदायें	दिनांक 05-07.2022 को दोपहर 01:00 बजे तक	दिनांक 05-07.2022 को दोपहर 03:00 बजे तक	नगर निगम रूडकी द्वारा कम सं0 01 से 29 तक सभी निर्माण कार्यो के निविदा प्रपत्रो का विकय दिनांक 04.7.2022 की शाम 03:00 बजे तक निगम कार्यालय के निर्माण अनुभाग से किया जायेगा।

अल्पकालीन निविदा सूचना का विस्तृत विवरण तथा कार्यो की सूची निगम वैबसाइट www.nagarnigamroorkee.org पर प्राप्त किये जा सकते है। आमन्त्रित निविदाओं को उपरोक्त विवरण के अनुसार नगर निगम रूडकी के सभागार में निविदादाताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। निविदा हेतु धरोहर धनराशि एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/एन0एस0सी0 जो नगर आयुक्त, नगर निगम रूडकी के नाम बन्धक कर निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कर प्रस्तुत करनी अनिवार्य होगी। किसी एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार नगर निगम रूडकी को होगा। सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी। शेष शर्ते एवं जानकारी किसी भी कार्य दिवस में नगर निगम रूडकी के निर्माण अनुभाग से प्राप्त की जा सकती है।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम रूडकी

कार्यालय – नगर निगम रूडकी (जनपद हरिद्वार)

पत्रांक : 297 /नि0अनु0/न0नि0रूडकी/टैण्डर/2022–23 दिनांक 22.06.2022

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को इस आशय से प्रेषित कि उक्त निविदा सूचना की प्रति सर्वसाधारण के सूचनार्थ अपने विभागीय नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने का कष्ट करें।

1. मा0 महापौर महोदय, नगर निगम रूडकी।
2. नगर आयुक्त महोदय, नगर निगम रूडकी
3. वरिष्ठ वित्त अधिकारी, नगर निगम रूडकी को इस अनुरोध के साथ कि नियत तिथि व समय पर उपस्थित होने का कष्ट करें।
4. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, रूडकी को इस अनुरोध के साथ कि नियत तिथि व समय पर उपस्थित होंने का कष्ट करें।
5. उपरोक्त नोटिस की प्रति नगर निगम रूडकी के नोटिस बोर्ड पर सर्वसाधारण के सूचनार्थ चस्पा।
6. प्रतिलिपि हिन्दुस्तान टाइम्स (DAVP दरों पर) एवं आई-टाइम्स (DAVP दरों पर) दैनिक समाचार पत्रों को इस आशय से प्रेषित कि वें उक्त निविदा सूचना अपने समाचार पत्र में कम से कम स्पेश में शासकीय दरो पर प्रकाशित कर समाचार पत्र की 30 प्रतियां बिल सहित अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।
7. जिला समन्वयक एन0आई0सी0, हरिद्वार को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना उत्तराखण्ड वैबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
8. आई0टी0 एक्सपर्ट, न0नि0रूडकी को इस निर्देश के साथ कि विभागीय वैबसाईड पर अपलोड करने हेतु।
9. गार्ड फाईल में रखने हेतु।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम रूडकी